### स्वास्थ्य सेवाओं और सुरक्षा मानकों को लेकर हुई बैठक

# अस्पतालों में सुरक्षा सख्तः फायर सेफ्टी व इलेक्ट्रिकल ऑडिट अनिवार्य, कलेक्टर के निर्देश

हरिभूमि जबलपुर।

कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में जिले में स्वास्थ्य सेवाओं की बेहतरी और अस्पतालों की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर बैठक आयोजित की गई। जिसमें अस्पतालों में सुरक्षा और सेवाओं की गुणवत्ता को सुदृढ़ करने हेतु आवश्यक निर्देश दिये गये। दिल्ली में हुई एसी विस्फोट का जिक्र करते हुए इलेक्ट्रिकल ऑडिट रिपोर्ट की गहन समीक्षा की गई। कलेक्टर श्री सिंह ने स्पष्ट निर्देश दिए कि बढ़ते तापमान को देखते हुए सभी अस्पताल अपने विद्युत उपकरणों और वायरिंग की जांच गंभीरता से कराएं ताकि शॉर्ट सर्किट जैसी अप्रिय घटनाओं से बचा जा सके।



बैठक में पुलिस अधीक्षक श्री संपत उपाध्याय ने पीएम राहत योजना के विस्तार पर चर्चा करते हुए कहा कि अधिक से अधिक अस्पतालों को इस योजना से जुड़ना चाहिए ताकि जरूरतमंद मरीजों को इसका सीधा लाभ मिल सके। उन्होंने इस प्रक्रिया में पुलिस विभाग की ओर से हर संभव सहयोग करने के लिए कहा। इसी क्रम में यातायात पुलिस अधीक्षक श्रीमती अंजना ने वर्तमान में योजना से जुड़े अस्पतालों की सीमित संख्या संबंध में कहा कि सभी स्वास्थ्य संस्थानों इसमें पंजीयन कराना सुनिश्चित करें। सुरक्षा तकनीकी पहलुओं पर जानकारी देते हुए विद्युत विभाग के अधिकारी ने सर्विस लाइन के रखरखाव, गुणवत्तापूर्ण वायरिंग और सही क्षमता के एमसीबी के उपयोग के महत्व को समझाया। उन्होंने विशेष रूप से लू और गर्मी के मौसम में बिजली की बढ़ती खपत के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों के बारे में विस्तार से बताया।

अग्नि सुरक्षा के विषय पर नगर निगम की फायर सेफ्टी अधिकारी ने निर्देश जारी करते हुए कहा कि 04 मई से 10 मई तक आयोजित होने वाले 'फायर सेफ्टी वीक' के दौरान सभी अस्पतालों को अनिवार्य रूप से फायर मॉक ड्रिल आयोजित करनी होगी। कलेक्टर श्री सिंह ने कहा कि किसी भी अस्पताल में इमरजेंसी एग्जिट यानी आपातकालीन निकास द्वारों पर कोई सामग्री नहीं रखी जानी चाहिए और उन्हें हर समय बाधा रहित रखा जाए। नोडल अधिकारी डॉ. आदर्श बिश्नोई ने अस्पतालों में 'कोड रेड' जैसी आपातकालीन स्थितियों की घोषणा और फायर साइनेज की सही स्थापना के बारे में तकनीकी जानकारी साझा की। बैठक में स्पष्ट किया गया कि मरीजों के जीवन की सुरक्षा प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है और सुरक्षा मानकों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बैठक में शहर के निजी चिकित्सालयों, नर्सिंग होम संचालकों, मेडिकल कॉलेजों के प्रतिनिधियों सहित स्वास्थ्य विभाग के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।



## जबलपुर को विकास की सौगातः गोहलपुर पुलिया चौड़ीकरण और नई पानी टंकी का हुआ भूमिपूजन

**जबलपुर।** संस्कारधानी जबलपुर में यातायात सुधार और पेयजल व्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में बड़ा कदम उठाया गया। महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू ने सांसद आशीष दुबे और विधायक डॉ. अभिलाष पाण्डेय सहित जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में करोड़ों रुपये के विकास कार्यों का भूमिपूजन किया। करीब 3.54 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाली गोहलपुर पुलिया का चौड़ीकरण किया जाएगा, जो 80 फीट चौड़ी और 80 फीट लंबी होगी। इस परियोजना से लंबे समय से लगने वाले ट्रैफिक जाम से राहत मिलेगी और शहर की यातायात व्यवस्था सुगम होगी। जनप्रतिनिधियों ने इसे शहर के लिए "लाइफ लाइन" बताया। वहीं, महाराजा अग्रसेन वार्ड स्थित चंद्रशेखर उद्यान में लगभग 76 लाख रुपये की लागत से 12 लाख लीटर क्षमता की उच्चस्तरीय पानी टंकी के निर्माण का भी शुभारंभ किया गया। इस टंकी के बनने से उत्तर मध्य विधानसभा क्षेत्र में पेयजल आपूर्ति की समस्या में बड़ी राहत मिलने की उम्मीद है। कार्यक्रम में निगमाध्यक्ष रिकुंज विज, एमआईसी सदस्य विवेकराम सोनकर, डॉ. सुभाष तिवारी, अंशुल राघवेन्द्र यादव, वरिष्ठ पार्षद कमलेश अग्रवाल सहित कई जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित रहे। स्थानीय नागरिकों ने इन विकास कार्यों का स्वागत करते हुए कहा कि इससे शहर के बुनियादी ढांचे में सुधार होगा और जीवन स्तर बेहतर बनेगा।

# सड़कों का निर्माण खोलता है विकास के द्वारः राकेश सिंह

**जबलपुर।** जबलपुर के बरगी विधानसभा के अंतर्गत बरगी से सिलुआ तक 17.65 किमी लम्बे मार्ग जिसकी लागत लगभग 50 करोड़ और पनागर विधानसभा अंतर्गत पनागर मुड़ियि पडोरा सलैया तक 6.20 किमी लम्बे मार्ग जिसकी लागत लगभग 9 करोड़ है इन दोनों कार्यों को लोक निर्माण विभाग द्वारा प्रशासकीय स्वीकृति दी गई है, इस सन्दर्भ में स्वीकृति पत्र लोक निर्माण मंत्री श्री राकेश सिंह ने जारी किया है।

उल्लेखनीय है उक्त मार्गो के निर्माण की मांग लम्बे समय से की जा रही थी, इस मांग के दृष्टिगत लोक निर्माण मंत्री श्री राकेश सिंह ने इसे स्वीकृति दी है और अब बरगी विधानसभा के अंतर्गत बरगी से सिलुआ तक बनने वाली यह सड़क कई गाँवो को जोड़ेगी साथ ही इसके निर्माण के साथ ही क्षेत्र का विकास तेजी से होगा,, इसी तरह पनागर विधानसभा के अंतर्गत पनागर मुड़ियि पडोरा सलैया तक बनने वाली सड़क से भी क्षेत्र वासियो को राहत मिलेगी।



लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने कहा किसी भी गांव या शहर में बनने वाली सड़को का निर्माण उस क्षेत्र के विकास के द्वार खोलता है। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव जी के नेतृत्व में हमारी सरकार हर क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है और जबलपुर को लगातार सौगाते मिल रही है इन्ही विकास कार्यों के सौगात की कड़ी में इन सड़को के निर्माण को भी प्रशासकीय स्वीकृति दी गई है। श्री सिंह ने कहा मुझे पूरी उम्मीद है कि इन सड़को के निर्माण के बाद क्षेत्र के निवासियों को आवागमन में आसानी होंगी साथ ही इससे जुड़ने वाले गाँवो का भी तेजी से विकास होगा।

### रंगदारी वसूलने युवक पर किया पंच से हमला

**जबलपुर।** लार्डगंज थाना अतंर्गत उजारपुरवा गली नंबर 2 में शराब पीने के रुपए नहीं देने की बात पर एक बदमाश ने एक युवक के साथ मारपीट कर लोहे के पंच से हमला कर घायल कर दिया और रिपोर्ट करने पर जान से मारने की धमकी दी। लार्डगंज पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार आगा चौक लार्डगंज निवासी 18 वर्षीय अनुराग जायसवाल गत रात करीब 9.30 बजे सामान खरीदकर गली नंबर 2 के मोड़ के पास पहुंचा, तभी भोलू उर्फ समीर केवट उससे शराब पीने के लिए 5 सौ रुपए की मांग करने लगा, मना करने पर मारपीट कर लोहे के पंच से हमला कर आंख और कान के पास चोटें पहुंचा दी। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 296ए, 115(2), 119, 351(2), बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया।

### नये मरीज भर्ती करने पर लगी रोक

## बरगी बांध क्रूज हादसे में घायल महिला से प्राथमिक उपचार का शुल्क वसूलने वाले निजी अस्पताल का लाइसेंस एक माह के लिये निलंबित

हरिभूमि जबलपुर।

बरगी बांध क्रूज हादसे में रेस्क्यू ऑपरेशन के दौरान बचाई गई महिला से प्राथमिक उपचार देने के बाद शुल्क वसूलने की शिकायत पर गौर तिराहा स्थित नोबल मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल का लाइसेंस एक माह के लिये मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने निलंबित कर दिया है। इसके साथ ही इस निजी अस्पताल पर नये मरीजों को भर्ती करने पर भी रोक लगा दी गई है।

ज्ञात हो कि बरगी बांध क्रूज हादसे में घायल श्रीमती सविता शर्मा से नोबल मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल द्वारा प्राथमिक उपचार का शुल्क वसूलने से संबंधित समाचार पत्रों में प्रकाशित खबर को संज्ञान में लेते हुये कलेक्टर राघवेंद्र सिंह ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को जांच कर त्वरित कारवाई के निर्देश दिये थे। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ नवीन कोठारी ने बताया कि इस मामले में अस्पताल प्रबंधन द्वारा श्रीमती सविता शर्मा को पेन किलर एवं टिटनस इंजेक्शन देने के बाद 4 हजार 700 रुपये का बिल प्रस्तुत किया गया था, जिसे उन्हें अपने परिजनों के माध्यम से जमा कराना पड़ा।



मुख्य चिकित्सा अधिकारी के अनुसार आपदा की स्थिति में घायल मरीजों को प्राथमिक उपचार देने के बाद उनसे शुल्क लेना पूर्णतः अनुचित है। नोबल मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल प्रबंधन का यह कृत्य आपदा प्रबंधन अधिनियम, 2005 के प्रावधानों के विरुद्ध पाया गया है।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि आपदा प्रबंधन समिति के निर्देशानुसार नोबल मल्टीस्पेशलिटी अस्पताल का लाइसेंस तत्काल प्रभाव से एक माह के लिए निलंबित कर दिया गया है। अस्पताल प्रबंधन को कारण बताओ नोटिस जारी कर 7 दिवस के भीतर स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश भी दिए गए हैं तथा निर्धारित समयावधि में और संतोषजनक स्पष्टीकरण प्राप्त नहीं होने पर कठोर कार्यवाही की चेतावनी दी गई है। अस्पताल प्रबंधन से श्रीमती सविता शर्मा के परिजनों को प्राथमिक उपचार की ली गई राशि भी वापस करा दी गई है। डॉ कोठारी ने बताया कि अस्पताल को वर्तमान में भर्ती मरीजों का समुचित उपचार कर उन्हें विधिवत डिस्चार्ज करने तथा आगामी एक माह तक किसी भी नए मरीज को भर्ती नहीं करने के निर्देश भी दिये गये हैं।

## स्वच्छ सर्वेक्षण में अव्वल बनने की पहलः फीडबैक देने पर ग्राहकों को 10% तक छूट

**जबलपुर।** स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 में बेहतर रैंकिंग हासिल करने के उद्देश्य से नगर निगम ने जनभागीदारी बढ़ाने की दिशा में नई पहल शुरू की है। निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार ने मानस भवन में आयोजित बैठक में होटल, मेडिकल और बिल्डर एसोसिएशन के प्रतिनिधियों से स्वच्छता अभियान में सक्रिय सहयोग का आह्वान किया।




बैठक में होटल एसोसिएशन ने बड़ा निर्णय लेते हुए घोषणा की कि जो ग्राहक स्वच्छ सर्वेक्षण के तहत शहर के लिए सकारात्मक फीडबैक देंगे, उन्हें उनके बिल में 10 प्रतिशत तक की विशेष छूट दी जाएगी। इस पहल का उद्देश्य अधिक से अधिक नागरिकों को फीडबैक प्रक्रिया से जोड़ना है। निगमायुक्त ने कहा कि शहर को स्वच्छता सर्वेक्षण में नंबर-1 बनाने के लिए नागरिकों की भागीदारी सबसे अहम है। उन्होंने सभी संस्थानों से अपने ग्राहकों और मरीजों को फीडबैक देने के लिए प्रेरित करने का अनुरोध किया। इसके साथ ही "Reduce, Reuse, Recycle (RRR)" अभियान को बढ़ावा देने के लिए होटल और मेडिकल एसोसिएशनों ने शहर में आरआरआर सेंटर संचालित करने की जिम्मेदारी भी ली है। इन केंद्रों पर लोग पुरानी किताबें, कपड़े, खिलौने और अन्य उपयोगी सामग्री दान कर सकेंगे। बैठक में अपर आयुक्त अरविंद शाह, देवेंद्र सिंह चौहान, उपायुक्त संभव अयाची और स्वास्थ्य अधिकारी अंकिता बर्मन सहित विभिन्न एसोसिएशनों के पदाधिकारी मौजूद रहे। सभी ने मिलकर जबलपुर को स्वच्छ और सुंदर बनाने का संकल्प लिया।

## ई-रिक्शा की टक्कर से बाईक सवार 2 युवक घायल

**जबलपुर।** कोतवाली थाना अतंर्गत खिन्नी मोहल्ला में एक ई-रिक्शा ने एक बाईक को सामने से टक्कर मार दी, जिसमें सवार दो युवक बाईक सहित नीचे गिरकर घायल हो गए। कोतवाली पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार दुर्गई मोहल्ला चेरीताल निवासी 26 वर्षीय मंगलदीप चौधरी को गत रात करीब 11 बजे क्षेत्रीय बस स्टेंड के पास दोस्त बलवंत चौधरी ने आवाज देकर रोका और अपनी बाईक में बैठाकर दुर्गई मोहल्ला घर छोड़ने जा रहा था। जैसे ही दोनों खिन्नी मोहल्ला के पास पहुँचे, तभी सामने से आ रहा ई-रिक्शा क्र एमपी 20 आरए 0176 के चालक ने तेजी से चलाते हुए बाईक में टक्कर मार दी, जिससे दोनों रोड में गिर गये। बलवन्त चौधरी को हाथ की कलाई में और मंगलदीप को आंख, दाढ़ी, गाल, गले व जांघ में चोटें लग गई। पुलिस ने आरोपी ई रिक्शा चालक के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 281, 125 बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया।

# सीएम किसान हेल्पलाइन : टोल फ्री नम्बर 155253 पर किसानों को मिलेगी विशेषज्ञों से सलाह

**जबलपुर।** खेती से जुड़े मुद्दों पर जिले के किसान अब एक कॉल पर कृषि विशेषज्ञों एवं वैज्ञानिकों से जरूरी सुझाव, मार्गदर्शन और सहायता प्राप्त कर सकेंगे। राज्य शासन ने "सीएम किसान हेल्पलाइन 155253" की शुरुआत की है। किसान इस टोल फ्री नम्बर पर संपर्क कर कृषि से जुड़ी अपनी कठिनाइयों का समाधान भी प्राप्त कर सकेंगे।

ज्ञात हो कि किसानों की सहूलियत तथा खेती को सुरक्षित और लाभकारी बनाने में सहायक इस हेल्पलाइन का शुभारंभ मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव द्वारा 30 अप्रैल को भोपाल में आयोजित एक कार्यक्रम में किया गया था। किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग की इस नवाचारी पहल से किसानों को विशेषज्ञ सलाह, योजना की जानकारी और समस्या का समाधान उपलब्ध कराएगी। उप संचालक कृषि यू के कटहरे ने बताया कि जबलपुर जिले के किसान भो "सीएम किसान हेल्पलाइन 155253" पर फसल, आधुनिक तकनीक, उन्नत कृषि तथा केंद्र और शासन द्वारा संचालित कृषक हितैषी योजनाओं की जानकारी प्राप्त कर सकेंगे। उन्होंने बताया कि किसानों को कृषि से जुड़े मुद्दों पर आवश्यक सुझाव और मार्गदर्शन कृषि विशेषज्ञों एवं कृषि वैज्ञानिकों द्वारा दिया जायेगा। इसके साथ ही कृषि से जुड़ी किसानों की कठिनाइयों का त्वरित निराकरण भी हेल्पलाइन के माध्यम से होगा। उप संचालक कृषि ने जिले किसानों से फसलों से संबंधित अपनी कठिनाईयों, तकनीक, योजना और उन्नत कृषि यंत्रों की जानकारी के लिए "सीएम किसान हेल्पलाइन 155253" पर संपर्क करने का आग्रह किया है।

## कलेक्टर ने की योजनाओं की समीक्षा, अधिकारियों को दिए सख्त निर्देश

**जबलपुर।** कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में सोमवार को लंबित पत्रों और शासन की प्राथमिकता वाली योजनाओं की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में विकास और जनहित से जुड़े कई मुद्दों पर अधिकारियों को जरूरी निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने उपार्जन व्यवस्था पर चर्चा करते हुए कहा कि शासन की मंशा के अनुसार कार्य सुनिश्चित किया जाए। स्वच्छता सर्वेक्षण को लेकर उन्होंने आंगनवाड़ी, स्कूल और छात्रावासों में साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने, सूखा-गीला कचरा अलग रखने के लिए डस्टबिन लगाने और नाडेप बनाने के निर्देश दिए।

प्रधानमंत्री श्रम योगी मान-धन योजना में अधिक से अधिक श्रमिकों का पंजीयन कराने, स्कूलों में विद्यार्थियों के प्रवेश बढ़ाने और जनपद स्तर पर समग्र ई-केवाईसी कार्य की भी समीक्षा की गई। निर्माण कार्यों को लेकर कलेक्टर ने निर्देश दिए कि बरसात से पहले अधिकतर काम पूरे कर लिए जाएं और जो समस्याएं हैं, उनका जल्द समाधान किया जाए। जल गंगा संवर्धन अभियान को जमीन पर प्रभावी तरीके से लागू करने पर जोर देते हुए उन्होंने कहा कि गर्मी में कहीं भी पेयजल की समस्या न हो, इसके लिए लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग सरपंच और सचिवों के साथ बैठक कर समाधान सुनिश्चित करे।बैठक में बाल आरोग्य संवर्धन, वन अधिकार अधिनियम के तहत पट्टा वितरण और जहां जगह उपलब्ध हो वहां स्कूल परिसरों में आंगनवाड़ी केंद्र शुरू करने को लेकर भी निर्देश दिए गए। साथ ही लंबित पत्रों और सीएम हेल्पलाइन के मामलों की समीक्षा कर जल्द निराकरण करने को कहा गया। बैठक में नगर निगम कमिश्नर रामप्रकाश अहिरवार, जिला पंचायत सीईओ अभिषेक गहलोत सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। बैठक के दौरान बरगी क्रूज हादसे में मृत लोगों को दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई।

घर में घुसकर गमले तोड़े, दी जान से मारने की धमकी

## घर के सामने अश्लील हरकत पर विवाद

**जबलपुर।** लार्डगंज थाना अतंर्गत जेडीए जीरो डिग्री में एक घर में घुसकर दो अज्ञात बदमाशों ने घर की खिड़की दरवाजे व गमले तोड़फोड़ कर क्षतिगस्त कर दिए और पिता पुत्र को जान से मारने की धमकी दी। बताया गया है कि आरोपी लड़का अपनी गर्लफ्रेंड के साथ युवक के घर के सामने अशोभनीय हरकत कर रहा था, जिसे मना किया तो आरोपी अपने एक अन्य साथी के साथ मिलकर घर में घुसा और डंडे व ईंट से तोड़फोड़ कर दी।

लार्डगंज पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार जेडीए जीरो डिग्री निवासी 28 वर्षीय निशांत अहिरवार के घर के पास रोड में शाम 6.30 बजे एक लड़का और एक लड़की स्कूटी क्रमांक एमपी 20 एक्सए 9276 में आए और रोड में खड़े होकर अशोभनीय हरकत करने लगे। निशांत ने उस लडके को बोला कि आप लोग उसके घर के पास से दूर मेन रोड पर चले जाओ तब वह लडका बोला की तुम्हारे घर के सामने नही बाजू मे खडा हूँ जमीन तेरी नहीं है धक्का देकर वहां से चला गया। फिर शाम करीब 7.40 बजे अपने अन्य साथी के साथ डंडे और ईंट लेकर उसके घर के सामने आये और गालीगलौज कर मेन गेट पर डंडा मारते हुए गेट की कुंडी निकालकर घर के पोर्च मे आकर घर के हॉल का जाली वाला दरवाजा एवं खिड़की के कांच को ईंट से व डंडे से तोड़फड़ कर दिये और हॉल के अंदर घुसकर गमले में तोड़फोड़ कर दिए। निशांत अपना बचाव करते हुए दूसरे कमरे में भाग गया, निशांत के पिता ने बीच बचाव किया तो अज्ञात आरोपियों ने जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 296ए, 324(2), 332 सी 351(2), 3(5) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया।

### हाईकोर्ट का निर्देश

## 1997 में भर्ती हुआ तो ओल्ड पेंशन स्कीम का लाभ दो

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने जेल प्रहरी को प्रथम नियुक्ति 1997 में प्रचलित सेवा नियमानुसार सेवा लाभ एवं ओल्ड पेंशन योजना का लाभ देने के निर्देश दिए। जस्टिस जय कुमार पिल्लई की सिंगल बेंच ने याचिका स्वीकार करते हुए कहा कि याचिकाकर्ता ओल्ड पेंशन का पात्र है। याचिकाकर्ता नरेश कुमार पाण्डे की ओर से अधिवक्ता रमाशंकर यादव ने कोर्ट को बताया कि उसे नरसिंहपुर जेल में जेल प्रहरी के पद में 7 अक्टूबर 1997 को फिक्स कलेक्टरेट रेट पर नियुक्त किया गया था। 16 दिसंबर 2008 को याचिकाकर्ता को नियमित किया गया।तर्क दिया गया कि मध्य प्रदेश सरकार द्वारा 1 जनवरी 2005 से न्यू पेंशन योजना लागू की गई है। इसमें याचिकाकर्ता को शामिल कर लिया गया।जब याचिकाकर्ता ने नियुक्ति वर्ष 1997 में प्रचलित सेवा नियमानुसार सेवा लाभ एवं ओल्ड पेंशन प्रदान करने का अभ्यावेदन जेल विभाग को दिया, तो विभाग ने अस्वीकार कर दिया। इससे पीड़ित होकर हाईकोर्ट के समक्ष याचिका दायर की गई। अधिवक्ता यादव ने इस संबंध में सुप्रीम कोर्ट द्वारा पारित न्याय दृष्टांत हाईकोर्ट के समक्ष पेश किए।



## आयकर विभाग ने कर्मचारियों और अधिकारियों ने किया धरना प्रदर्शन

**जबलपुर।** आयकर विभाग कार्यालय में कर्मचारियों और अधिकारियों ने आयकर कर्मचारी महासंघ और आयकर राजपत्रित अधिकारी संघ के संयुक्त नेतृत्व में धरना-प्रदर्शन किया। इस प्रदर्शन में बड़ी संख्या में अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने लंबित मांगों को लेकर आवाज उठाई। "हक नहीं तो काम नहीं", "वादा निभाओ, अधिकार दिलाओ" का नारा लगाया। समस्याओं के समाधान नहीं होने पर कर्मचारियों में भारी रोष और निराशा व्याप्त है। मांग की गई है कि कैडर रिव्यू को तत्काल पूरा कर पदोन्नति में ठहराव समाप्त किया जाए, 2014 बैच के पीआर अधिकारियों की वरिष्ठता और प्रमोशन संबंधी विसंगतियों को दूर किया जाए। आईआरएस नियमों में आवश्यक संशोधन करने, इंस्पेक्टर, ओएस और टीए के भर्ती एवं पदोन्नति नियमों में सुधार तथा आईसीटी नीति को पुनः प्रभावी ढंग से लागू करने की मांग की गई है।

## जबलपुर मंडी में प्रदर्शन, एफआईआर की मांग

# व्यापारी की अभ्रदता से किसान संघ भड़का

**जबलपुर।** विगत दिनों जबलपुर कृषि उपज मंडी में अपनी उपज गेहूं का विक्रय करने हेतु लेकर पहुंचे किसान के साथ एक व्यापारी द्वारा की गई अभद्रता व गालीगलौंच का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। किसान के साथ मंडी में हुई अभद्रता से जिले भर के किसानों में भारी नाराजगी है। सोमवार को भारतीय किसान संघ के नेतृत्व में सैकड़ों किसानों ने कृषि उपज मंडी पहुंचकर जमकर प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी व उग्र प्रदर्शन कर अपनी मांगो का ज्ञापन एसडीएम अभिषेक सिंह को सौंपा। किसान संघ के जिलाध्यक्ष रामदास पटेल ने जानकारी देते हुए बताया बताया कि मझौली तहसील के किसान शिवकुमार झारिया, राजकुमार पटेल व पवन 29 अप्रैल को मंडी अपना गेहूं लेकर विक्रय करने आए थे। व्यापारी द्वारा बोली लगाकर गेहूं खरीदा गया और जब किसान ने व्यापारी शिव शक्ति ट्रेडर्स के फड़ पर गेहूं उड़ेल दिया तो उसके बाद व्यापारी ने गेहूं में मिट्टी, कंकड़ आदि बताकर खरीदने से मना कर दिया और किसान के साथ अभद्र व्यवहार किया। जिसका वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हुआ। जिसकी शिकायत भारतीय किसान संघ ने मंडी प्रशासन से की। श्री पटेल ने बताया कि मंडी प्रशासन से मांग की गई थी कि उस व्यापारी का तत्काल मंडी लाइसेंस निरस्त किया जाए। लेकिन मंडी प्रशासन ने कार्यवाही नहीं की।



### थाने में किसान की नहीं लिखी शिकायत

जिला मंत्री धनंजय पटेल ने बताया कि पीड़ित किसान जब अपने साथ हुई अभद्रता व गाली गलौंच की शिकायत करने विजयनगर थाना गया तो थाने में मौजूद पुलिस स्टाफ ने किसान की शिकायत लेने से मना कर दिया। श्री पटेल ने रोष व्यक्त करते हुए कहा कि एक तरफ प्रदेश सरकार जहां किसान कृषि वर्ष मना रही है और किसान हितैषी योजनाएं बना रही हैं। वहीं दूसरी ओर मंडी प्रशासन व पुलिस प्रशासन की दृष्टि में किसान का कोई सम्मान नहीं है। किसान की शिकायत तक थाने में दर्ज नहीं हो रही है और उल्टे धमकाया जा रहा है।किसान संघ के प्रांत उपाध्यक्ष मोहन तिवारी ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि मंडी प्रशासन ने तत्काल किसान के साथ अभद्रता करने वाले व्यापारी व उसके कर्मचारी पर कार्यवाही और थाने में एफआईआर दर्ज नहीं की जाएगी तो भारतीय किसान संघ किसान के सम्मान में जिला मुख्यालय पर उग्र प्रदर्शन करने के लिए बाध्य होगा।इस अवसर पर किसान संघ के प्रांत उपाध्यक्ष मोहन तिवारी, जिलाध्यक्ष रामदास पटेल, जिला मंत्री धनंजय पटेल, महानगर अध्यक्ष राजकुमार पटेल, पनागर तहसील अध्यक्ष जितेंद्र पटेल, पाटन तहसील अध्यक्ष मुकुल पचौरी, मंत्री रितेश पटेल, शहपुरा तहसील अध्यक्ष वीरेंद्र साहू, मंत्री धरम पटेल, जिला प्रचार प्रमुख भरत पटेल, जिला उपाध्यक्ष सुरेश पटेल सिहोरा, रामकृष्ण सोनी, मंझोली तहसील अध्यक्ष वीरेंद्र पटेल, मंत्री रंजीत पटेल, अटल पटेल, प्रेमचंद कुर्मी सहित सैकड़ों की संख्या में किसानों की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।



## पश्चिम बंगाल, आसाम और पांडुचेरी में जीत का जश्न पनागर में भी मनाया गया

**पनागर ।** पश्चिम बंगाल असम और पुडुचेरी में भाजपा को मिली जीत के अवसर पर पनागर विधानसभा अंतर्गत पनागर नगर में झलमुरी और मिष्ठान बांटकर जीत की बधाइयां एक दूसरे को प्रेषित की पनागर विधायक सुशील तिवारी इंदू ने बताया कि भाजपा द्वारा एक संकल्प लेकर चुनाव लड़ा गया था और उसमें जीत हासिल करना कार्यकर्ताओं एवं आम जनता की जीत है एवम डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जन्म स्थली पर भाजपा को विजय श्री मिलने पर सभी ने एक दूसरे को बधाई प्रेषित की कार्यक्रम मेंमंडल संयोजक आनंद जैन मिन्चू,जिला ग्रामीण उपाध्यक्ष अंकुर जैन,किसान प्रदेश मंत्री राजमणि सिंह,मंडल अध्यक्ष शैलेंद्र साहू,प्रदीप पटेल,विजय सिंह ठाकुर,पूर्व मंडल अध्यक्ष सर्वेश मिश्रा,अनिल वंशकार,आदित्य तिवारी,सुरेश पटेल,राजेश तिवारी,सचिन पटेल,रोशन तिवारी,सतीश पटेल,रामनिवास गौतम,दीपू नामदेव,विनय जैन बब्बू,अतुल सैनी,प्रहलाद पटेल,रोहित साहू,राजकुमार वंशकार, सहित देव तुल्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे

## लोडिंग वाहन की टक्कर से तीन घायल

**जबलपुर।** कटंगी थानान्तर्गत कल शाम साढ़े चार बजे ककरहटा मोड़ नाहनदेवी के समीप सडक़ किनारे खड़े होकर वाहन का इंतजार कर रहे तीन लोगों को जबलपुर की ओर से आ रहे तेज लोडिंग वाहन के चालक ने लापरवाही से चलाते हुए टक्कर मार दी। घटना में गिरने से तीनों को चोटें आयीं है। घायलों को उपचार के लिए जबलपुर भिजवाया गया है। वहीं आरोपी लोडिंग वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर तलाश की जा रही है। कटंगी पुलिस ने बताया कि मदार चौक कटंगी निवासी नईम खान कल अपनी मां आबदा बेगम, रिश्तेदार अब्दुल रहमान व भतीजे शाहबुद्दीन के साथ ककहटा मोड़ नाहन देवी के समीप जमीन देखने गया था जहां से लौटते समय सभी सडक़ किनारे खड़े होकर यात्री वाहन का इ्रतजार कर रहे थे शाम लगभग साढ़े चार बजे जबलपुर की ओर से आ रहे लोड़िंग वाहन क्रमांक एमपी २० जेजे ९९*४ के चालक ने तेज गति से लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए सडक़ किनारे खड़े आबदा बेगम, अब्दुल रहमान, शाहबुद्दीन को पीछे से टक्कर मार दी। घटना में घायलों को हाथ पैर व कमर में चोटें आयीं है।

# सिहोरा-खितौला में मची पानी की त्राही-त्राही

## जलकर दुगना करने पर जनप्रतिनिधियों की चुप्पी बनी चर्चा का विषय

**सिहोरा।**

नगर में पालक संस्था की पेय जल वितरण व्यवस्था पुरी तरह पटरी से उतर गई है।जिसके चलते नगर वासियों को दोहरी मार झेलना पड़ रही है।एक तरफ सुरज आग उगल रहा है तो दुसरी तरफ बुंद बुंद पानी के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है।आम आदमी दोहरा जलकर चुकाकर भी पानी के लिए भटक रहा है वहीं जिम्मेदारों का कहना है कि जलकर में किसी प्रकार की वढोत्तरी नहीं की गई है वरन नर्मदा पाईप लाईन के 60+इंटेक वैल अथवा वोर लाईन के 60 कुल 120 वसूल किये जा रहे हैं।फिर जिनके यहां नर्मदा पाईप लाईन का कनेक्शन ही नहीं है उनसे नगर पालिका द्वारा खुले आम की जा रही लुट पर जनप्रतिनिधी की चुप्पी नगर में चर्चा का विषय बन गई है।

### वोर लाईन बन्द, हिरन नदी सुखी, नर्मदा जल का भगवान भरोसे

भीष्ण गर्मी में जहां पानी की त्राही त्राही मची है वहीं जानकारी मिली है की नगर पालिका ने संवेदनहीनता का खुला प्रदर्शन करते हुए ऐसे अनेक क्षेत्र जहां वोरिग से पेय जल आपुर्ती की जाती थी वहां की या तो वोरिग लाईन बन्द करा दी है या फिर मोटर जल गई है तो उसे बदला ही नहीं जा रहा है।।हिरन नदी पुरी तरह सुख गई है नर्मदा जल के हालात यह है कि सप्लाई चले तो रात भर व्यर्थ पानी बहता रहे और नहीं तो केवल हवा उगलती रहे।ऐसे में नगर की जनता को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है

### जल आपूर्ति की समस्याओं को लेकर कांग्रेस का प्रदर्शन

नगर में जल आपूर्ति की व्यवस्था सुव्यवस्थित करने की मांग को लेकर प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देशन में जिला अध्यक्ष संजय यादव के आदेशानुसार नगर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष पवन सोनी के संयोजन में नगर पालिका सिहोरा में प्रदर्शन किया गया। आयोजन मंजू मिश्रा,अमोल चौरसिया,फिरोज खान,बाबा कुरैशी,के के कुरारिया,फैज आलम शाह,शेख साबिर,गिरधर सरावगी,लाल बहादुर पाठक,जगदीश सेनी,रमेश पटेल,प्रदीप गौतम,राजकुमार पटेल,गौस भाई आजाद,यूसुफ खान, जमीला बानो,के के दुबे,शमशेर खान की उपास्थि में किया गया। वक्ताओं ने बतलाया कि हिरन नदी में पानी समाप्त हो जाने की वजह से,वाटर सप्लाई बंद है आम जनता बूंद बूंद पानी को तरस रही है जनप्रतिधियों द्वारा नदी पानी छुड़वाने की अफवाह फैलाई गई पर एक सप्ताह से अधिक समय में वह पानी सिहोरा तक नहीं पहुंचा।

अमोल चौरसिया ने बतलाया कि नर्मदा पेय जल आपूर्ति ढप पड़ी हुई है,उसे सही एवं सुचारू रूप से तत्काल चालू कराए। जल कर 120 से घटाकर 60 रुपये करने सहित अनेक मांगों को लेकर मुख्य नगर पालिका अधिकारी को ज्ञापन भी सौंपा।



## उपनिरीक्षक श्यामलाल सिंह की सेनानिवृत्ति पर भाव भीनी विदाई

**बरेला।** थाने में पदस्थ उप निरीक्षक श्यामलाल सिंह के सेवा के 36साल के उपरांत सेवानिवृत्ति के अवसर पर आज थाने में विदाई समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर आईपीएस शुभम सिंह ठाकुर द्वारा शाल श्रीफल भेंट कर उन्हें विदाई दी गई।इस अवसर पर समस्त स्टाफ ने उपस्थित होकर उनकी दीर्घायु कामना की।

## प्राकृतिक जल स्त्रोतों का संरक्षण: नगर परिषद बरेला की पहल जारी

**बरेला।**

नगर के प्राचीन जल स्त्रोतों के संरक्षण के लिए नगर परिषद बरेला द्वारा निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। पनागर विधानसभा क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक श्री सुशील तिवारी जी "इंदु भैया" के निर्देशन में खेरमाई तलैया का सुंदरीकरण एवं संरक्षण कार्य चल रहा है। इस प्रयास को आगे बढ़ाते हुए नगर परिषद अध्यक्ष प्रतीक दुबे, सीएमओ संजय पांडे और समस्त पार्षद गणों ने मिलकर थाने के सामने स्थित प्राचीन कुएं को गहरा करने और उसमें जमा कीचड़ निकालने का कार्य शुरू किया। इस कार्य के दौरान जल गंगा संवर्द्धन अभियान के अंतर्गत जल स्त्रोतों का संरक्षण और सफाई की अपील की गई।

अध्यक्ष प्रतीक दुबे, पूर्व उपाध्यक्ष सोनू सोनकर, चंदन पटेल, भाजपा मण्डल अध्यक्ष अर्पित जैन गोलू, और अन्य पार्षदों ने नगरवासियों से जल स्त्रोतों के संरक्षण में भागीदारी सुनिश्चित करने की अपील की। इस कार्य का निरीक्षण भी गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में किया गया।

### प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत स्ट्रीट लाइट लगाने की अपील

बरेला उप तहसील के अंतर्गत प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत निर्मित लगभग 6 किलोमीटर लंबा मार्ग, जो पहाड़ी खेड़ा, उमरिया, कुड़ारी, और मेहगांव ग्रामों से होकर गुजरता है, में बढ़ते यातायात और दुर्घटनाओं को देखते हुए ग्रामीणों ने इस मार्ग पर स्ट्रीट लाइट लगाने की अपील की है। यह सड़क खेतों के बीच से निकलती है, जिससे रात्रि के समय अंधेरे की समस्या और दुर्घटनाओं में वृद्धि हो रही है। स्थानीय ग्रामीणों का मानना है कि अगर इस मार्ग पर स्ट्रीट लाइट लगाई जाए, तो न केवल दृश्यता बढ़ेगी, बल्कि दुर्घटनाओं में भी कमी आएगी। ग्रामीणों ने संबंधित विभाग से शीघ्र इस मार्ग पर स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था करने की अपील की है, ताकि भविष्य में किसी बड़ी दुर्घटना से बचाव संभव हो सके।

## एक्सीडेंट में घायल युवक की मौत

**जबलपुर।** संजीवनी नगर थानान्तर्गत कल एक युवक का वाहन डिवाईडर से टकरा गया था घटना में युवक के सिर में गंभीर चोटें आयीं थी जिसे ईलाज के लिए मेडिकल अस्पताल में भर्ती कराया गया था जहाँ ईलाज के दौरान युवक की मौत हो गई। पंचनामा कार्यवाही कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाते हुए मर्ग कायम कर जांच में लिया गया है। संजीवनी नगर पुलिस ने बताया कि स्टार सिटी माढ़ोताल निवासी सुशील बर्मन को कल रात १२ बजे सूचना मिली थी कि उसका छोटा भाई बसंत बर्मन का ईलाज मेडिकल अस्पताल में चल रहा है बसंत के सिर में गंभीर चोट लगी हुई है। सुशील अपने छोटे भाई को देखने मेडिकल अस्पताल पहुंचा तो पता चला कि बसंत की मौत हो गई है। अस्पताल में मौजूद चिकित्सक ने उन्हें बताया कि बसंत बर्मन सडक़ पर लगे डिवाईडर से टकरा गया था जिसके कारण उसके सिर में गंभीर चोटे आयीं थी। बसंत का मेडिकल अस्पताल की केल्युलटी में ईलाज चल रहा था।



## 2 माह से नहीं मिला मध्यान्ह भोजन आंगनबाड़ी सहायिकाओं को वेतन

**जबलपुर।** मध्य प्रदेश जागरूक अधिकारी कर्मचारी संगठन के प्रदेश अध्यक्ष- रॉबर्ट मार्टिन ने बताया कि इस समय मंहगाई अपने चरम पर है ऐसे में मध्या- भोजन वितरित करने और स्कूलों में बर्तन साफ करने और स्कूल की साफ सफाई करने वाली साहिकाओं को दो माह से मिलने वाला मानदेय, वेतन अप्राप्त है जिससे उनका जीविकोपार्जन मुश्किल हो गया है। वैसे भी उनको न्यूनतम राशि मिलती है जिसमें उनका गुजारा मुश्किल होता है और इसी मिलने वाली न्यूनतम राशि में उनके परिवार के आश्रितों को भी पालना होता है ऐसे में यदि दो माह से उन्हें वेतन नहीं मिलेगा तो इस महंगाई में उनका जीविकोपार्जन मुश्किल हो जाएगा। संगठन के प्रदेश अध्यक्ष- रॉबर्ट मार्टिन, राजेश सहारिया, रऊफ खान, राकेश श्रीवास, राजकुमार यादव, फिलिप एंथोनी, सुरेंद्र चौधरी, गुडविन चार्ल्स, लालजी प्रसाद, मनमोहन चौधरी, संतोष चौरसिया, रामेश्वर प्रसाद दुबे, उमेश सिंह ठाकुर, सुनील झारिया, धनराज पिल्ले, दीपेश जैन, गोपी शाह आदि ने शासन से शीघ्र वेतन भुगतान की मांग की है।

## पहले शराब देने की बात पर दुकान कर्मी को चाकू मारा

**जबलपुर।** अधारताल थानान्तर्गत महाराजपुर शराब दुकान में कल दोपहर शराब लेने आये तीन युवकों ने दुकान में लगी ग्राहकों की भीड़ को देखते हुए शराब दुकान कर्मचारी से जल्दी शराब देने को लेकर विवाद शुरू कर दिया। तभी दुकान से निकल कर बाहर आकर जब कर्मचारी युवकों को समझाने लगा तो युवकों ने उसके साथ मारपीट की वहीं एक अन्य युवक ने उस पर चाकू से जानलेवा हमला कर दिया। इस दौरान बचाव करते समय जब दुकान कर्मचारी नीचे झुका तो चाकू उसके कंधे के पीछे लग गया। घटना में कर्मचारी को



चोटें आयीं है। इसके बाद हमलावर उसे थाने में शिकायत करने की बात पर जान से मारने की धमकी देकर भाग गये। अधारताल पुलिस ने बताया कि नर्मदा नगर ग्वारीघाट निवासी विजय यादवमहाराजपुर शराब दुकान में काम करता है कल दोपहर लगभग सवा 12 बजे जब वह दुकान में था तभी निक्की शर्मा,राजा व एक अन्य युवक आये दुकान में लगी भीड़ के बावजूद तीनों कर्मचारी विजय यादव से पहले शराब देने के लिए कहने लगे। विजय ने कहा कि दुकान में काफी भीड़ है कई लोग पहले से खड़े हैं उन्हें पहले देना होगा फिर तुम्हारा नम्बर आयेगा इसी बात पर तीनों भडक़ गये और विजय के साथ गाली गलौज करने लगे। तभी विजय ने उन्हें समझाने के लिए दुकान से बाहर निकलकर आया तो निक्की और राजा ने उसके साथ हाथापायी शुरू कर दी वहीं उनके एक अन्य साथी ने विजय पर चाकू से जानलेवा हमला कर दिया। चाकू के वार से बचने के प्रयास में चाकू विजय के कंधे के पीछे लग जाने से खून निकलने लगा।

## महिला ने फांसी लगायी

**जबलपुर।** गोरखपुर थानान्तर्गत टेंडर-१ मांडवा बस्ती में कल दोपहर एक महिला ने अपने कमरे का दरवाजा बंद कर फांसी लगाकर आत्म हत्या कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाते हुए मर्ग कायम कर जांच में लिया है। गोरखपुर पुलिस ने बताया कि टेंडर १ मांडवा बस्ती निवासी मनोहर मराठा कल दोपहर १२ बजे अपनी पत्नी की गाड़ी बनवाने के लिए ब्रजमोहन नगर गया था। दोपहर साढ़े बारह बजे वापस आकर गेट खटखटाया तो अंदर से बंद था। दरवाजा न खुलने पर उन्होने झांककर देखा कि उनकी पत्नी प्रीति मराठा फांसी पर लटकी थी। मोहल्ले वालों की मदद से दरवाजा तोडक़र अंदर जाकर फांसी से पत्नी को उतारा तो देखा कि फांसी लगा लेने से उसकी पत्नी श्रीमती प्रीति मराठा की मौत हो गई थी।



## बरगी डेम क्रूज हादसे में दिवंगतों को झारिया समाज संगठन ईकाई बरेला ने दी श्रद्धांजलि

**बरेला।** बरगी डेम में हुए क्रूज हादसे ने समूचे क्षेत्र को गहरे शोक में डुबो दिया है। इस दुर्घटना में असमय जान गवाने वाले व्यक्तियों को श्रद्धांजलि देने के लिए झारिया समाज संगठन ईकाई बरेला ने एक शोक सभा आयोजित की। सामाजिक महिला मंडल भवन में आयोजित इस श्रद्धांजलि सभा में संगठन के पदाधिकारियों और सदस्यों ने केंडल जलाकर दिवंगत आत्माओं को श्रद्धांजलि अर्पित की और दो मिनट का मौन रखकर मृतकों की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की।इस अवसर पर युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष विपिन झारिया ने कहा, "यह हादसा हम सभी के लिए अत्यंत पीड़ादायक है। हम ईश्वर से प्रार्थना करते हैं कि वह दिवंगत



आत्माओं को अपने श्री चरणों में स्थान दे और उनके परिजनों को इस अपार दुःख को सहन करने की शक्ति प्रदान करे।" श्रद्धांजलि सभा में सुरेश झारिया, रमेश झारिया, सुखदेव झारिया, मुन्ना झारिया, सतीश झारिया, राजेश झारिया, आभास झारिया, दीपु झारिया, भुल्ला झारिया, बबलू झारिया समेत कई सामाजिक बंधु उपस्थित थे। इस कार्यक्रम ने सभी को शोक संतप्त परिवारों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करने और एकजुट होने का अवसर दिया।



**श्री राजेश खरे-** कमला नेहरू नगर गढ़ा रोड निवासी मनीष खरे के भ्राता श्री राजेश खरे (52) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार रानीताल श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती दीप्ति खम्परिया-** 81 जगदम्बा कॉलोनी अहिंसा चौक निवासी दीप खम्परिया (रि. यूको बैंक) की धर्मपत्नी श्रीमती दीप्ति खम्परिया का निधन हो गया। वे हिमांशु, दीपांशु खंपरिया की माताजी एवं प्रदीप प्रभात, प्रकाश खंपरिया की भाभी तथा आलोक बाजपेई की बहन थी। अंतिम यात्रा आज मंगलवार को प्रातः 8:30 ग्वारीघाट मुक्तिधाम के लिए प्रस्थान करेगी।



**श्री सूर्य भूषण प्रसाद-** अंजनी अभिनंदन फेस 1, प्रगति नगर तिलहरी निवासी श्री सूर्य भूषण प्रसाद (85) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री लालचंद पटेल-** रांझी निवासी श्री लालचंद पटेल (45) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार बड़ा पत्थर रांझी श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती विमला देवी गुप्ता-** वृंदावन कैम्पस सुहागी निवासी श्री रामबाबू लाल गुप्ता की धर्मपत्नी श्रीमती विमला देवी गुप्ता (85) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती लीला मुलतानी-** रतन कॉलोनी गोरखपुर निवासी श्रीचंद मुलतानी की धर्मपत्नी श्रीमती लीला मुलतानी (89) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार विगत दिवस गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्री एकराम चौधरी-** गली नं. 1 पोलीपाथर बादशाह हलवाई मंदिर के पास निवासी श्री एकराम चौधरी




(80) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री धर्मेंद्र कोष्टा-** फूटाताल दुर्गा चौक निवासी श्री राजेंद्र कोष्टा के पुत्र श्री धर्मेंद्र कोष्टा (31) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती फूल बाई बर्मन-** नर्मदा नगर गोहलपुर निवासी श्री शिव चरण बर्मन की धर्मपत्नी श्रीमती फूल बाई बर्मन (71) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री प्रबुध भारत चौधरी-** झिन्ना मोहल्ला राधाकृष्णन वार्ड निवासी श्री रामनाथ चौधरी के पुत्र श्री प्रबुध भारत चौधरी (45) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती जयश्री चवड़के-** नरसिंह नगर रांझी निवासी श्री रज्जन चवड़के की धर्मपत्नी श्रीमती जयश्री चवड़के (55) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती उर्मिला रैकवार-** लालमाटी चांदमारी पंचशी स्कूल रोड निवासी श्री हुकुमचंद रैकवार की धर्मपत्नी श्रीमती उर्मिला रैकवार (55) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती प्रीति मराठा-** टेंडर वन छापर रामपुर निवासी श्री मनोहर मराठा की धर्मपत्नी श्रीमती प्रीति मराठा (40) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री प्रकाश जाधव-** वृंदावन नगर माढ़ोताल निवासी श्री प्रकाश जाधव (78) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

हरिभूमि
शोक/उठावना, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
रंगीन
रंगीन
संपर्क करें विज्ञापन विभाग

खबर संक्षेप

## अमेरिका ने चालक दल को पाकिस्तान पहुंचाया




**इस्लामाबाद।** अमेरिका ने अपने सुरक्षा बलों द्वारा जब्त किए गए एक ईरानी जहाज पर हिरासत में रखे गए चालक दल के 22 सदस्यों को विश्वास-बहाली उपाय के तहत पाकिस्तान भेज दिया है। विदेश कार्यालय ने सोमवार एक बयान में जानकारी दी।
मीडिया को मिली जानकारी के अनुसार समूह के जहाज 'एमवी टौस्का' को 19 अप्रैल को ओमान की खाड़ी में ईरान के चाबहार बंदरगाह के तट पर अमेरिकी सेना ने अपने कब्जे में ले लिया। इस जहाज पर अमेरिका ने प्रतिबंध लगा रखे हैं।

## ओक्लाहोमा सिटी के पास गोलीबारी, 12 घायल



**वॉशिंगटन।** ओक्लाहोमा सिटी के पास एक झील पर आयोजित पार्टी में रविवार रात हुई गोलीबारी में कम से कम 12 लोग घायल हो गए जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। । मीडिया को मिली जानकारी के अनुसार रात करीब नौ बजे आर्केडिया झील के पास युवाओं के एक जमावड़े में गोली चलने की सूचना मिली। उन्होंने रविवार देर रात बताया कि अभी तक किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई है। उन्होंने कहा, यह स्पष्ट रूप से बेहद भयावह स्थिति है और हम जनता तथा प्रभावित लोगों की चिंता को समझते हैं।

## केन्या में बाढ़ से 18 लोगों की मौत




**नैरोबी।** केन्या में लगातार जारी भारी बारिश के कारण हाल ही में आई बाढ़ से पिछले एक सप्ताह में 18 लोगों की मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार अधिकतर लोगों की मौत डूबने से हुई है। देशभर में बाढ़ से पिछले एक सप्ताह में 18 लोगों की मौत हुई है और 54,000 से अधिक परिवार प्रभावित हुए हैं जिनमें से 6,000 परिवार देश की राजधानी नैरोबी के हैं। देशभर में कई विद्यालयों और अस्पतालों में पानी भर गया है तथा 17 सड़कों पर आवागमन बाधित हो गया है। भूस्खलन के कारण पश्चिमी रिफ्ट वैली क्षेत्र में हजारों लोगों को अपने घर छोड़ने पड़े हैं।

फंसे वाणिज्यिक जहाजों की मदद के लिए एक नई पहल की घोषणा

# होर्मुज में फंसे जहाजों के लिए 'प्रोजेक्ट फ्रीडम' का ऐलान, ट्रंप बोले- दखल दिया तो पूरे दम से निपटेंगे

इससे पहले अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने पश्चिम एशिया संघर्ष को हल करने के उद्देश्य से ईरान द्वारा पेश किए गए नए प्रस्ताव को खारिज कर दिया था। मीडिया को मिली जानकारी के अनुसार ट्रंप ने कहा- यह मेरे लिए नाकाफी है। मैंने इसे पढ़ा है और यह अस्वीकार्य है।

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन



अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने होर्मुज जलडमरूमध्य में फंसे वाणिज्यिक जहाजों की मदद के लिए एक नई पहल की घोषणा की है। डोनाल्ड ट्रंप ने इसका नाम 'प्रोजेक्ट फ्रीडम' रखा है। ट्रंप ने दावा किया है कि यह पहल दुनिया भर के उन देशों के लिए है, जिन्होंने अमेरिकी सहायता मांगी है ताकि वे इस महत्वपूर्ण समुद्री मार्ग से अपने जहाजों को सुरक्षित निकाल सकें। डोनाल्ड ट्रंप ने 'ट्रुथ सोशल' पर एक पोस्ट में बताया कि दुनिया भर के कई देशों ने अमेरिका से होर्मुज जलडमरूमध्य में फंसे अपने जहाजों को सुरक्षित निकालने में मदद करने का अनुरोध किया है। उन्होंने जोर देकर कहा कि ये देश पश्चिम एशिया में चल रहे विवाद में किसी भी तरह से शामिल नहीं हैं।



फाइल फोटो

### फंसे जहाजों को निकालेंगे बाहर : ट्रंप

*अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा, ईरान, पश्चिम एशिया और अमेरिका के हित में, हमने इन देशों को सूचित किया है कि हम उनके जहाजों को इन प्रतिबंधित जलमार्गों से सुरक्षित रूप से बाहर निकालेंगे, ताकि वे स्वतंत्र रूप से अपना व्यवसाय कर सकें।*

### अमेरिकी राष्ट्रपति ने बताया मानवीय प्रयास

*ट्रंप ने इस पहल को एक मानवीय प्रयास बताया, जिसका उद्देश्य चालक दल और वाणिज्यिक शिपिंग की सुरक्षा करना है। उन्होंने कहा, यह अमेरिका, पश्चिम एशियाई देशों और विशेष रूप से ईरान की ओर से एक मानवीय इशारा है। उन्होंने यह भी बताया कि कई जहाजों में भोजन और अन्य आवश्यक सामग्री की कमी हो रही है, जो बड़े चालक दल के सदस्यों के लिए स्वस्थ और स्वच्छ तरीके से वहां रहने के लिए जरूरी है।*

### सोमवार से शुरू हुआ अभियान

*'प्रोजेक्ट फ्रीडम' के तहत जहाजों को सुरक्षित निकालने की प्रक्रिया सोमवार सुबह (पश्चिम एशियाई समय) से शुरू हुई । राष्ट्रपति ट्रंप ने बताया कि उनके प्रतिनिधि ईरान के साथ बहुत सकारात्मक चर्चा कर रहे हैं। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि यह कदम उन लोगों, कंपनियों और देशों को मुक्त करने के लिए है जिन्होंने कुछ भी गलत नहीं किया है। उन्होंने कहा कि ये लोग परिस्थितियों के शिकार हैं।*

### ट्रंप ने दखलंदाजी पर दी सख्त चेतावनी

*राष्ट्रपति ट्रंप ने इस मानवीय प्रक्रिया में किसी भी तरह की दखलंदाजी के खिलाफ सख्त चेतावनी जारी की है। उन्होंने कहा, अगर किसी भी तरह से इस मानवीय प्रक्रिया में बाधा डाली जाती है, तो दुर्भाग्य से उस हस्तक्षेप से बलपूर्वक निपटना होगा।*

तेहरान-अमेरिका के बीच फिर बढ़ रहा है तनाव

# ट्रंप ने ईरान के नए प्रस्ताव को सिरे से नकारा, यह मुझे स्वीकार्य नहीं

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान के नवीनतम प्रस्ताव को सिरे से खारिज कर दिया है। ट्रंप ने इस प्रस्ताव को स्वीकार्य नहीं किया है।

*ईरान के नए प्रस्ताव ने पलटा खेल, संतुष्ट नहीं ट्रंप*

*ट्रंप ने कुछ बातों पर अपनी आपत्ति जताई*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान के नवीनतम प्रस्ताव को सिरे से खारिज कर दिया है। ट्रंप ने इस प्रस्ताव को स्वीकार्य नहीं किया है। उन्होंने आगे कहा कि ईरानी समझौता करना चाहते हैं, लेकिन उनके प्रस्ताव से वे संतुष्ट नहीं हैं। ट्रंप ने कुछ बातों पर अपनी आपत्ति जताते हुए कहा कि कुछ चीजें हैं जिनसे मैं सहमत नहीं हो सकता।



### होर्मुज के पास यूएस कमांडर ब्रैड कूपर का दौरा



अमेरिका के सेंट्रल कमांड (सेंटकॉम) के प्रमुख ब्रैड कूपर होर्मुज स्ट्रेट के पास तैनात अमेरिकी सैनिकों से मिलने पहुंचे। सेंटकॉम ने उनकी कुछ तस्वीरें भी शेयर की हैं, जिनमें वे अपाचे हेलिकॉप्टर में उड़ान भरते और सैनिकों से मिलते दिखाई दे रहे हैं। यह दौरा ऐसे समय पर हुआ है, जब अमेरिका और ईरान के बीच तनाव बढ़ा हुआ है। इससे पहले सेंटकॉम ने कहा था कि वह राष्ट्रपति ट्रंप की योजना प्रोजेक्ट फ्रीडम को लागू करेगा। इस योजना का मकसद होर्मुज में फंसे व्यापारिक जहाजों को फिर से सुरक्षित तरीके से आगे बढ़ाना है।

### मैं उनके प्रस्तावों से संतुष्ट नहीं हूं: ट्रंप

*अमेरिकी राष्ट्रपति ने ईरानी प्रस्तावों का ब्योरा नहीं दिया, लेकिन उन्होंने कहा, हमने अभी-अभी ईरान के साथ बातचीत की है। देखते हैं क्या होता है, लेकिन मैं इतना जरूर कहूंगा कि मैं खुश नहीं हूं। उन्हें सही समझौता करना होगा। फिलहाल, मैं उनके प्रस्तावों से संतुष्ट नहीं हूं। राष्ट्रपति ने कहा, हम बातचीत के लिए हर संभव प्रयास कर रहे हैं। हम फ़ोन पर बात कर रहे हैं, उन्होंने (ईरान ने) कुछ कदम आगे बढ़ाए हैं, लेकिन मुझे यकीन नहीं है कि वे किसी समझौते पर पहुंच पाएंगे। ट्रंप ने कहा, 'सनक भरे लोगों' को परमाणु हथियार रखने की इजाज़त नहीं दी जा सकती। उन्होंने फिर दोहराया कि 'ईरान की नौसेना को नष्ट किया जा चुका है और उसके 159 जहाज़ समुद्र की तलहटी में डुबो दिए गए हैं।*

### गुटमैन के साथ ट्रंप की फोन पर बातचीत

*ट्रंप ने कहा कि यह मुझे स्वीकार्य नहीं है। मैंने इसका अध्ययन किया है, मैंने हर चीज का अध्ययन किया है, यह स्वीकार्य नहीं है। ट्रंप ने इस दौरान क्षेत्रीय सैन्य अभियान की सफलता पर भी संतोष जताया। उन्होंने कहा कि अभियान बहुत अच्छा चल रहा है। ट्रंप ने इजराइली राष्ट्रपति इसहाक हर्जोग से प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू को उनके आपराधिक मुकदमों में क्षमादान देने की अपील भी दोहराई। उन्होंने कहा कि अपने राष्ट्रपति से बिबी को क्षमा करने के लिए कहिए। वह युद्धकालीन प्रधानमंत्री हैं। अगर मैं और बिबी इस क्रम में न होते तो इजरायल अस्तित्व में न होता। आप ऐसा प्रधानमंत्री चाहते हैं जो युद्ध पर ध्यान केंद्रित कर सके, न कि निरर्थक बातों पर। इस बीच, ईरान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बगाई ने कहा कि पाकिस्तान के माध्यम से अमेरिका की प्रतिक्रिया तेहरान पहुंच गई है और इसका अध्ययन किया जा रहा है। बगाई ने कहा कि पाकिस्तान के माध्यम से तेहरान के प्रस्ताव पर संयुक्त राज्य अमेरिका का दृष्टिकोण ईरान तक पहुंच गया है। इसकी समीक्षा चल रही है और अंतिम रूप देने के बाद ईरान अपनी प्रतिक्रिया देगा। ईरान ने 30 दिनों के अंदर समाधान करने पर जोर दिया ईरान ने 14 सूत्री प्रस्ताव अमेरिका को सौंपा था, जिसमें लेबनान समेत सभी मोर्चों पर युद्ध समाप्त करने की अपील की गई है। तेहरान का कहना है कि इस प्रस्ताव में परमाणु मुद्दे का कोई जिक्र नहीं है और इसका उद्देश्य केवल क्षेत्रीय संघर्ष को खत्म करना है। ईरान ने 30 दिनों के अंदर समस्याओं का समाधान करने पर जोर दिया है, लेकिन अमेरिका दो महीने के युद्धविराम का प्रस्ताव तुरंत ही नकार दिया था।*

एलपीजी की कालाबाजारी पर नियंत्रण लगाने देशभर में प्रवर्तन अभियान जारी

# देश में ईंधन की आपूर्ति सामान्य 13 मई को एलपीजी टैंकर के विशाखापत्तनम पहुंचने की उम्मीद



फाइल फोटो

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने कहा कि देश में एलपीजी की आपूर्ति सामान्य बनी हुई है और 2 मई को लगभग 47.7 लाख एलपीजी सिलिंडरों की बुकिंग हुई और करीब 47 लाख सिलिंडर डिलीवर किए गए। पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने रविवार को एक बयान में कहा कि मौजूदा भू-राजनीतिक स्थिति के बावजूद, सरकार ने यह सुनिश्चित किया है कि घरेलू एलपीजी, घरेलू पीएनजी और सीएनजी (परिवहन) के लिए 100 प्रतिशत आपूर्ति की जा रही है। नागरिकों को सलाह दी जाती है कि वे पेट्रोल, डीजल और एलपीजी की खरीदारी घबराहट में न करें, क्योंकि सरकार पेट्रोल, डीजल और एलपीजी की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है। साथ ही कहा कि अफवाहों से सावधान रहें और सही जानकारी के लिए केवल आधिकारिक स्त्रोतों पर ही भरोसा करें।

### 349 एलपीजी वितरकों पर जुर्माना

*मंत्रालय ने आगे बताया कि सार्वजनिक क्षेत्र की तेल विपणन कंपनियों ने 3 अप्रैल, 2026 से अब तक 5 किलोग्राम के एफटीएल सिलिंडरों के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए 10,100 से ज्यादा शिविर आयोजित किए, इस समयावधि में 5 किलोग्राम के लगभग 1,75,000 एफटीएल सिलिंडर बेचे गए। साथ ही कहा कि सार्वजनिक क्षेत्र की तेल विपणन कंपनियों ने अप्रैल, 2026 से 11,082 मीट्रिक टन ऑटो एलपीजी की बिक्री की है। सरकार ने आगे कहा कि एलपीजी की जमाखोरी और कालाबाजारी पर नियंत्रण लगाने के लिए देशभर में प्रवर्तन अभियान जारी हैं। शनिवार को देशभर में 1900 से अधिक छापे मारे गए। तेल विपणन कंपनियों ने औचक निरीक्षणों की संख्या बढ़ाई है और 349 एलपीजी वितरकों पर जुर्माना लगाया है और कल तक 74 एलपीजी वितरकों को निलंबित कर दिया गया है। इसके अलावा, मंत्रालय ने कहा कि मार्शल द्वीप के ध्वज वाला एलपीजी वाहक पोत एमटी सर्व शक्ति भारत के लिए 46,313 मीट्रिक टन तरल पेट्रोलियम गैस के साथ कल होर्मुस की खाड़ी को सुरक्षित पार कर गया, इसके 13 मई, 2026 को विशाखापत्तनम पहुंचने की उम्मीद है। इससे देश की एलपीजी आपूर्ति में बढ़ोतरी होगी।*

नेपाल को भारतीय विदेश मंत्रालय ने दिया करारा जवाब

# लिपुलेख के रास्ते मानसरोवर यात्रा पर जताया था विरोध

### भारत ने कहा- यह दावे न तो न्यायसंगत हैं और न ही साक्ष्य पर आधारित

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत सरकार की तरफ से कैलाश मानसरोवर यात्रा का ऐलान किए जाने पर नेपाल की बालेन सरकार ने जहां कड़ा विरोध जताया है वहीं, अब भारत सरकार ने भी करारा जवाब दे दिया है।

भारतीय विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने साफ-साफ कहा है कि यह कोई नई बात नहीं है। लिपुलेख दर्रा 1954 से कैलाश मानसरोवर यात्रा का एक प्रमुख मार्ग रहा है और इस मार्ग से यात्रा दशकों से जारी है। इस संबंध में भारत का रुख हमेशा से स्पष्ट और सुसंगत रहा है।



रणधीर जायसवाल ने क्लियरकट जवाब देते हुए कहा कि क्षेत्रीय दावों के संबंध में, भारत का निरंतर यही मानना रहा है कि ऐसे दावे न तो न्यायसंगत हैं और न ही ऐतिहासिक तथ्यों और साक्ष्यों पर आधारित हैं। क्षेत्रीय दावों का इस प्रकार का एकतरफा कृत्रिम विस्तार अस्वीकार्य है। भारत द्विपक्षीय संबंधों के सभी मुद्दों पर नेपाल के साथ रचनात्मक बातचीत के लिए तत्पर है, जिसमें संवाद और कूटनीति के माध्यम से सहमत लंबित सीमा मुद्दों का समाधान भी शामिल है।

### नेपाल ने जताई थी आपत्ति


नेपाल के विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि तीर्थयात्रा के मार्ग को अंतिम रूप देने से पहले काठमांडू से परामर्श नहीं किया गया। नेपाल ने कैलाश मानसरोवर यात्रा पर आपत्ति उस वक्त जताई जब भारत ने यह यात्रा जून और अगस्त के बीच आयोजित किये जाने की घोषणा की।

भारत में चल रहा अहम प्रोजेक्ट पर काम

# अब कुत्ते सूंघकर लगाएंगे पता कैंसर है या नहीं...?

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

कैंसर दुनिया की सबसे खतरनाक बीमारियों में से एक मानी जाती है। कोलोरेक्टल कैंसर जैसी कुछ बीमारियां अक्सर दूसरी या तीसरी स्टेज में जाकर पकड़ में आती हैं और इस स्टेज में डॉक्टरों के लिए मरीज की जान बचाना बहुत मुश्किल हो जाता है। लेकिन क्या हो अगर हम आपसे कहें कि आने वाले टाइम में कुत्तों की मदद से कैंसर की बीमारी का पता बहुत अर्ली स्टेज पर चल जाएगा। दरअसल, इजराइल, अमेरिका, जापान, जर्मनी, ब्रिटेन, फ्रांस और ताइवान जैसे कई देशों में इस समय कुत्तों की



मदद से कैंसर का पता लगाने को लेकर प्रयोग किया जा रहा है। अगर ये प्रयोग सफल साबित होते हैं, तो वो दिन दूर नहीं जब कुत्ते सूंघकर कैंसर का पता लगा सकेंगे।

**भारत में भी हो रहा प्रयोग:** इजरायल, अमेरिका, जापान, जर्मनी, ब्रिटेन, फ्रांस और ताइवान जैसे देशों के अलावा भारत में भी कुत्तों पर प्रयोग हो रहा है। कर्नाटक के छह अलग-अलग अस्पतालों में ट्रेड कुत्तों की मदद से एक स्टडी की गई है।

शोधकर्ताओं ने खोज में की ग्रहों की पहचान

# नासा के शक्तिशाली एआई टूल ने खोजे 100 से ज्यादा छिपे ग्रह, 31 नए ग्रहों की पुष्टि

एजेंसी ▶▶ वारविक

खगोलविदों ने कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) आधारित नए शक्तिशाली टूल रेवन की मदद से नासा के ट्रांजिटिंग एक्सोप्लैनेट सर्वे सैटेलाइट (टीईएसएस-टेस) मिशन के डाटा में 100 से अधिक एक्सोप्लैनेट यानी सौर मंडल के बाहर के ग्रहों की पुष्टि की है। इनमें 31 पूरी तरह नए ग्रह शामिल हैं। इसमें ऐसे दुर्लभ और चरम ग्रह भी मिले हैं, जो अपने तारों के बेहद करीब अत्यंत तेज गति से चक्कर लगाते हैं या फिर उस रहस्यमय क्षेत्र नेप्च्यूनियन डेजर्ट में मौजूद हैं, जहां ग्रहों का मिलना बेहद कम माना जाता है। नेप्च्यूनियन डेजर्ट अर्थात अंतरिक्ष का वह क्षेत्र जहां नेप्च्यून जैसे आकार के ग्रह (मध्यम आकार के गैस ग्रह) बहुत कम पाए जाते हैं, खासकर तब जब वे अपने तारे के बेहद करीब परिक्रमा करते हों।

### झूठे संकेत भी पहचानता है रेवन



*आधुनिक अंतरिक्ष मिशन हजारों संभावित ग्रहों के संकेत दर्ज करते हैं, लेकिन असली ग्रह और झूठे संकेतों में अंतर करना चुनौतीपूर्ण होता है। रेवन इसी समस्या को हल करता है। इसे लाखों सिमुलेटेड डाटा पर प्रशिक्षित किया गया है, ताकि यह पहचान सके कि चमक में कमी का कारण वास्तव में कोई ग्रह है या अन्य खगोलीय घटना।*

### खोज में कुछ बेहद खास प्रकार के ग्रह हैं शामिल

*शोधकर्ताओं ने उन ग्रहों पर विशेष ध्यान दिया जो, अपने तारों के बहुत करीब परिक्रमा करते हैं और 16 दिनों से कम समय में एक चक्कर पूरा कर लेते हैं।*

केन्या की कंपनी से तोड़ा करार, कंपनी मेटा विवादो में

टेक दिग्गज मेटा ने आउटसोर्सिंग पार्टनर कंपनी समा के साथ कॉन्ट्रैक्ट खत्म कर दिया है। मेटा ने स्मार्ट ग्लासेस से यूजर्स के निजी वीडियो को एआई ट्रेनिंग के लिए रिकॉर्ड किए

# लिविंग रूम से लेकर बेडरूम तक... स्मार्ट ग्लास यूजर्स की सेक्स रिकॉर्डिंग को लेकर घिरी मेटा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

टेक दिग्गज मेटा ने केन्या में काम करने वाली अपनी आउटसोर्सिंग पार्टनर कंपनी समा के साथ कान्ट्रैक्ट तोड़ दिया है। जिसके बाद एआई को ट्रेन करने वाली कंपनी का कॉन्ट्रैक्ट रद्द करने के बाद फेसबुक की पैरेंट कंपनी मेटा विवादों में घिर गई है। इस बड़े फैसले के कारण करीब 1,108 कर्मचारियों की नौकरी जाने का खतरा मंडरा रहा है। यह पूरा विवाद तब बाहर आया जब समा के कुछ



कर्मचारियों ने काम के दौरान मेटा के स्मार्ट ग्लासेस से रिकॉर्ड किए गए यूजर्स के बेहद निजी और आपत्तिजनक वीडियो देखने के लिए मजबूर किया गया था।

### सच बोलने की मिली सजा: कर्मचारी यूनियन का आरोप

केन्या के ट्रेड यूनियनों ने इस छंटनी के पीछे की मंशा पर सवाल उठाए हैं। अफ्रीका टेक वर्कर्स मूवमेंट के नफ्ताली वाम्बालो का दावा है कि मेटा ने कॉन्ट्रैक्ट इसलिए रद्द किया क्योंकि वह इस बात को छिपाना चाहती थी कि स्मार्ट ग्लासेस की रिकॉर्डिंग तक इंसानों की भी पहुंच है। उनका मानना है कि मेटा जिन मानकों के उल्लंघन की बात कर रही है, वे असल में गोपनीयता के मानक हैं, जिन्हें कर्मचारियों ने मीडिया के सामने उजागर कर दिया था।

### मेटा और समा में तकरार

मेटा का कहना है कि उन्होंने यह कॉन्ट्रैक्ट इसलिए रद्द किया क्योंकि समा उनके तय मानकों पर खरी नहीं उतर पाई। मेटा ने कहा कि एआई प्रोडक्ट के प्रदर्शन को सुधारने के लिए इंसानों द्वारा कंटेंट की समीक्षा की जाती है, और इसके लिए यूजर्स से स्पष्ट रूप से सहमति ली जाती है। आरोपों के बाद मेटा ने समा के साथ काम रोक दिया था। समा का कहना है कि उसने हमेशा अपने क्लाइंट्स के साथ सुरक्षा, गुणवत्ता और संचालन के मानकों का कड़ाई से पालन किया है और मेटा ने उन्हें कभी किसी कमी के बारे में सूचित नहीं किया था।

### मेटा पर 3,100 करोड़ रुपए का जुर्माना

*अमेरिका के न्यू मैक्सिको में एक अदालत ने मेटा पर 375 मिलियन डॉलर (करीब 3,100 करोड़ रुपये से अधिक) का भारी जुर्माना लगाया है। यह जुर्माना फेसबुक और इंस्टाग्राम पर बच्चों की सुरक्षा में लापरवाही बरतने, यौन शोषण सामग्री छिपाने और भ्रामक जानकारी देने के लिए लगाया गया है। अदालत ने पाया कि कंपनी ने मुनाफे के लिए बच्चों की मानसिक सेहत को जोखिम में डाला।*

## श्रीलंका यात्रा के दौरान भारतीय नौसेना के जवान



श्रीलंका के साथ समुद्री सहयोग बढ़ाने के उद्देश्य से कोलंबो, श्रीलंका की यात्रा के दौरान पनडुब्बी आईएनएस सिंधुकेसरी पर सवार भारतीय नौसेना के जवान दिखाई दे रहे हैं।

# भाजपा ने सादगी से मनाया जीत का जश्न

## कार्यालय में एक दूसरे को दी बधाई, विधायक ने खिलाई झालमुड़ी



**जबलपुर।** विधानसभा चुनाव में भाजपा की ऐतिहासिक जीत और विशेषकर बंगाल की जीत ने पूरे देश को चौंका दिया है. बंगाल में विजय भाजपा का सपना था, जिसे प्रधानमंत्री मोदी के दौर में पूरा किया गया. भाजपा की इस ऐतिहासिक और अभूतपूर्व जीत का उत्साह संस्कारधानी जबलपुर में भी पूरी शिद्दत के साथ देखा गया। महानगर के भाजपा कार्यकर्ताओं ने इस बड़ी उपलब्धि का जश्न बेहद अनूठे और प्रतीकात्मक ढंग से मनाया। श्रीनाथ की तलैया में भाजपा विधायक अभिलाष पांडे के नेतृत्व में क्षेत्रीय पार्षद रजनी कैलाश साहू, भाजपा नेता शरद अग्रवाल, मनीष जैन कल्लू की उपस्थिति में एक-दूसरे को बंगाल के पारंपरिक व्यंजन 'झालमुढ़ी' खिलाकर जीत की बधाई दी। उत्सव में शोर-शराबे की जगह एक गंभीर संतोष और सादगी नजर आई।हादसे के शोक में नहीं मने 'विजय जुलूस' पार्टी ने स्पष्ट संदेश दिया कि वह जनता के सुख-दुख के प्रति संवेदनशील है। हाल ही में हुए बरगी डैम क्रूज हादसे की संवेदनशीलता और मृतकों के प्रति सम्मान प्रकट करते हुए, भाजपा नगर कार्यालय ने सादगी के साथ जीत का जश्न मनाया।

### भाजपा का वैचारिक प्रवाह अब और होगा अविरल

लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने शुभकामनायें देते हुए कहा इन तीन राज्यों में भारतीय जनता पार्टी को जो जीत मिली है इसके अपने मायने है और इस जीत के साथ गंगोत्री से गंगासागर तक भाजपा का वैचारिक प्रवाह होगा अब अविरल होगा और स्थाई रूप से कमल खिलता रहेगा, यह वैचारिक प्रवाह विकास की उर्वक्ता को बढ़ायेगा और अब कमल की पंखुड़िया देश को सीमाओं को सुरक्षित रखने का बड़ा कार्य करेंगी।

### तुष्टीकरण की राजनीति का अंत : सोनकर

नगर अध्यक्ष रत्नेश सोनकर ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए इस परिणाम को भारतीय लोकतंत्र के इतिहास का टर्निंग पॉइंट बताया। उन्होंने तीखे शब्दों में कहाः. "यह जीत केवल एक राज्य की सत्ता का परिवर्तन नहीं है, बल्कि बंगाल की पावन धरा पर वर्षों से जारी सांप्रदायिकता, भ्रष्टाचार और नारी शक्ति पर हो रहे अत्याचारों के विरुद्ध जनता का 'जनादेश' है। तुष्टीकरण की दीवारें ढह चुकी हैं और राष्ट्रवाद का उदय हुआ है।".

### आक्रोश का मत, विकास का पथः सांसद

सांसद आशीष दुबे ने इस जीत को पश्चिम बंगाल की माताओं-बहनों के सम्मान से जोड़ा। उन्होंने कहाः. "बंगाल की महिलाओं ने जिस तरह घरों से निकलकर मतदान किया, वह टीएमसी और वामपंथी विचारधारा के दमनकारी शासन के खिलाफ एक मूक क्रांति थी। जनता के मन में जो आक्रोश वर्षों से दबा हुआ था, वह आज ईवीएम के जरिए बाहर आया है।". सोनार बांग्ला की ओर बढ़ते कदम सांसद दुबे ने विश्वास व्यक्त किया कि अब बंगाल में भय और हिंसा की राजनीति का अंत होगा।



# "इशारों इशारों में दिल लेने वाले"

**स्वर मल्लिका आशा भोंसले को दी गीतांजलि**

**जबलपुर।** "गीतों की भावनाओं को अपनी आवाज से वास्तविक अभिव्यक्ति देने की जो कला आशा भोंसले में थी जिसने उन्हें विशिष्ट बना दिया। दुनिया उनके गीत कभी नहीं भूल सकती।" उपरोक्त आशय के विचार शहीद स्मारक में आयोजित "सुर मल्लिका आशा भोंसले को समर्पित गीतांजलि" कार्यक्रम में अतिथियों पूर्व जिला सत्र न्यायाधीश चंद्रेश खरे एवं संदीप जैन वैष्णव ने व्यक्त किए। कार्यक्रम गुंजन कला सदन एवं संस्कारधानी आर्टिस्ट आर्गनाइजेशन के संयुक्त तत्वावधान में शहीद स्मारक सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के सहयोग से आयोजित किया गया। अतिथियों के साथ गुंजन के प्रांतीय महामंत्री लायन नरेन्द्र जैन, सुरेश सराफ, हिमांशु तिवारी, अभय जैन, आलोक पाठक, विवेक सोनी द्वारा दीप प्रज्जवलन से कार्यक्रम प्रारम्भ हुआ। अतिथियों का स्वागत अभिषेक अग्रवाल, राजेश गुप्ता, इंजी. प्रदीप जैन, अरुण पवार, मयूर डेंगरा, लायन यशवंत सेंगर, कमलेश चढ़ार, सुमन ठाकुर, सुभाष जायसवाल, रमाकांत गौतम ने किया। गुंजन के नगर अध्यक्ष सुनील श्रीवास्तव ने नए मनोनीत पदाधिकारियों का परिचय दिया। इस अवसर पर डॉ. रजनीश गर्ग के संचालन में अतिथियों सहित संस्था के सुरेश सराफ, लायन नरेन्द्र जैन, विजय जायसवाल, हिमांशु तिवारी ने कलाकार बबलू मैथ्यूज, तृप्ति निगम एवं श्रीमती कमलेश नायक को अभिनंदन पत्र भेंट कर सम्मानित किया।कार्यक्रम में इन आंखों की मस्ती में..., कभी किसी को मुकम्मल जहां..., किसी नजर को तेरा इंतजार..., इशारों इशारों में दिल..., संसार है एक नदिया..., जैसे 20 से अधिक गीत तेजल विश्वकर्मा, जय क्षत्रिय, मुन्ना गूजर, राखी मजूमदार, दिलीप कोरी, कंचन, बबलू मैथ्यूज, संध्या पांडेय, विशाल एवं निधि सिंह ने प्रस्तुत किए। वादक कलाकारों में निर्देशक बबलू मैथ्यूज के साथ जतिन छिपेलकर, शाजी वर्गिस, मुन्ना गूजर, अरविंद, मनोज, लकी एवं अंकुर झा शामिल रहे। संचालन प्रतुल श्रीवास्तव, राजेश पाठक 'प्रवीण' ने, आभार नवनीत श्रीवास्तव एवं अभिषेक अग्रवाल ने किया।




# सोनपुर आश्रम में गुरुजी के 22वें निर्वाण दिवस पर विविध आयोजन व भंडारा आज

**जबलपुर।** खमरिया घाना स्थित श्री दादा ठनठन पाल सोनपुर आश्रम में आज 5 मई 2026 को परम पूज्य गुरुदेव जी के 22वें निर्वाण दिवस पर दिन भर विविध आयोजन किए जा रहे है। कार्यक्रम की शुरुआत सुबह 10 बजे पादुका पूजन, पूर्वांह 11 बजेअभिषेक व सुहागले, दोपहर 12.30 बजे हवन और महाआरती, अपरांह 1 बजे कन्या पूजन व कन्या भोज तथा 1.30 से 2 बजे सुंदरकांड पाठ होगा। इसके उपरांत 2 बजे से भंडारा होगा व शाम भजनों की मधुरम प्रस्तुति होगी। आयोजक साध्वी दीपा दीदी एवं समस्त गुरुदेव आश्रम परिवार ने सभी भक्तों से गरिमामयी उपस्थिति की अपील की है।

# एमपी ट्रांसको मुख्यालय जबलपुर के इंजीनियरों की तकनीकी दक्षता से इंदौर मेट्रो के लिए 200 एमवीए क्षमता का पावर ट्रांसफार्मर ऊर्जीकृत



**जबलपुर।** मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी (एमपी ट्रांसको) के जबलपुर मुख्यालय स्थित प्लानिंग एवं डिजाइन विंग के इंजीनियरों की तकनीकी दक्षता, अनुभव और सूझबूझ के परिणामस्वरूप इंदौर मेट्रो रेल परियोजना के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की गई है। इंजीनियरों ने घनी आबादी वाले शहरी क्षेत्र में विभिन्न तकनीकी चुनौतियों का सामना करते हुए 220 केवी सबस्टेशन मांगलिया (इंदौर) में 200 एमवीए क्षमता के नए पावर ट्रांसफार्मर तथा दो फीडरों के लिए उपयुक्त स्थान का चयन कर उसे सफलतापूर्वक ऊर्जीकृत किया।

### ऊर्जा मंत्री ने दी बधाई

ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने बताया कि इंदौर जैसे व्यस्त एवं घनी आबादी वाले शहर में अतिरिक्त विद्युत पारेषण अधोसंरचना का विकास अत्यंत चुनौतीपूर्ण था, लेकिन एमपी ट्रांसको के इंजीनियरों ने अपनी तकनीकी विशेषज्ञता से इस कार्य को सफलतापूर्वक पूरा किया। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि मेट्रो परियोजना की आवश्यकताओं के अनुरूप विद्युत अधोसंरचना को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने इस उपलब्धि पर एमपी ट्रांसको के इंजीनियरों को बधाई देते हुए इसे उनकी उत्कृष्टता, समर्पण और तकनीकी क्षमता का प्रमाण बताया।

**तकनीकी कौशल से सबस्टेशन में निकाला उपयुक्त स्थान-** एमपी ट्रांसको के विशेषज्ञ इंजीनियरों ने सीमित स्थान और जटिल तकनीकी परिस्थितियों के बीच 220 केवी सबस्टेशन मांगलिया में पावर ट्रांसफार्मर एवं दो फीडरों के लिए उपयुक्त स्थान का सफलतापूर्वक निर्धारण किया। इसके फलस्वरूप इंदौर शहर से खजराना मेट्रो स्टेशन तक विश्वसनीय विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करना संभव हो सका।

# जीआरपी की गिरफ्त में शातिर बदमाश से लाखों के जेवरात बरामद



**जबलपुर।** पुलिस उप महानिरीक्षक, पुलिस अधीक्षक रेल सिमाला प्रसाद जबलपुर के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रेल भावना मरावी व पुलिस उप अधीक्षक रेल अंकिता सुल्या जबलपुर के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी जीआरपी जबलपुर द्वारा जीआरपी थाना जबलपुर के क्षेत्र अंतर्गत हो रहे अपराधों की रोकथाम हेतु टीम गठित कर गर्मियों की भीड़भाड़ में हो रहे अपराधों की रोकथाम हेतु विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया। दिनाँक 03/05/2026 को थाना जीआरपी जबलपुर की टीम द्वारा विशेष चेकिंग के दौरान रेलवे स्टेशन जबलपुर के प्लेटफार्म नं.6 के आउटर इटारसी छोर पर एक संदिग्ध व्यक्ति को पकड़ा गया, जिसने अपना नाम विवेक वैद्य पिता सहदेव वैद्य उम्र 36 साल निवासी जालपा वार्ड कटनी म.प्र. बताया। जो पूछताछ के दौरान आनाकानी करता प्रतीत हुआ, जिससे सख्ती से पूछताछ की गई, तो आज से 10-11 माह पूर्व हमसफर एक्सप्रेस में स्लीपर डिब्बे से एक पिट्ठु बैग जिसमें सोने, चांदी के जेवरात, दो मोबाइल व कागजात चोरी करना स्वीकार किया, चोरी के जेवरात बेचने के लिये जबलपुर आना व बिक नहीं पाने के कारण वापस अपने साथ कटनी लेकर जाना बताया। थाना हाजा में पूर्व से पंजीबद्ध अपराध का मिलान घटना से होना पाये जाने से आरोपी के कब्जे से एक सोने का मंगलसूत्र, एक सोने के चेन, सोने की दो बाली, एक छोटा लॉकिट (ज्यूतिया), एक जोड़ी चाँदी की पायल, कुल कीमती 2,58,000 रुपये जप्त किया जाकर आरोपी को गिरफ्तार किया गया। आरोपी के विरूद्ध पूर्व में भी थाना में अन्य प्रकरण चोरी के मामले के दर्ज हैं जिसका माननीय न्यायालय से स्थाई वारंट भी जारी किया गया था, वारंट के पालन में भी आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। उक्त बदमाश को गिरफ्तार करने एवं माल बरामदगी में जीआरपी थाना जबलपुर SHO संजीवनी राजपूत के नेतृत्व में प्रधान आरक्षक मनोज मिश्रा, अरुण तिवारी, प्र.आर. रामनिवास ओझा, प्र.आर. शैलेंद्र सिंह, प्र.आर. संतोष चौबे, आरक्षक रविकांत रजक, परशुराम यादव, गोपाल सिंह, आर. राजा जैन, आर. राजकुमार मेहरा, आरपीएफ सीआईबी के सउनि अमित सिंह का विशेष योगदान रहा। पुलिस उप महानिरीक्षक, पुलिस अधीक्षक रेल जबलपुर द्वारा अधिकारी, कर्मचारियों को नगद पुरस्कार से पुरष्कृत करने की घोषणा की गई है।

# उर्स का समापन, सूफ़ियाना कलामों से महफ़िल रही सराबोर



**जबलपुर।** आगा चौक स्थित हज़रत शाह मिर्ज़ा आगा मोहम्मद साहब की दरगाह में आयोजित त्रिदिवसीय उर्स का शनिवार की शाम कुल शरीफ़ की फ़ातिहा के साथ अकीदत और रूहानी माहौल में समापन हुआ। तीन दिनों तक चले इस उर्स में दूर-दराज़ से आए अकीदतमंदों ने बढ़-चढ़कर शिरकत की और दरगाह पर हाज़िरी देकर दुआएँ मांगीं।

उर्स शरीफ़ के अंतिम दिन आयोजित महफ़िले सिमा (कव्वाली) कार्यक्रम विशेष आकर्षण का केंद्र रहा, जिसमें मशहूर सूफ़ी संत अमीर खुसरो का प्रसिद्ध कलाम "मन कुन्तो मौला, फ़ा अलीय्युन मौला" पेश किया गया। इस कलाम की रूहानी गूंज से पूरा माहौल सूफ़ियाना रंग में रंग गया और महफिल में मौजूद सूफ़ी हज़रात व अकीदतमंद झूम उठे। कव्वालों की पेशकश पर लोगों ने दिल खोलकर नज़राना पेश किया और देर रात तक महफ़िल का सिलसिला जारी रहा।

उर्स के दौरान दरगाह परिसर में खास सजावट की गई थी, जिससे पूरा क्षेत्र रोशनी और इत्र की खुशबू से महक उठा। अकीदतमंदों के लिए लंगर और तबर्रुक का भी विशेष इंतजाम किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने शिरकत की।

उर्स की खास बात यह रही कि इसमें सभी धर्मों और समुदायों के लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया, जिससे कौमी एकता, भाईचारे और आपसी सौहार्द की अनूठी मिसाल देखने को मिली। इस मौके पर मुल्क की तरक्की, खुशहाली और कामयाबी के लिए भी ख़ास दुआएँ मांगी गईं।

दरगाह कमेटी के मुतवल्ली सैय्यद लियाकत अली, गुलाम अली घीवाला, सेक्रेटरी मोहम्मद रफीक खान, सैय्यद साबिर अली सहित अन्य पदाधिकारियों ने उर्स शरीफ़ में शामिल होने वाले सभी अकीदतमंदों का दिल से शुक्रिया अदा किया। उन्होंने कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग देने वाले पुलिस प्रशासन, नगर निगम तथा प्रेस मीडिया का भी आभार व्यक्त किया।

# मिल्क कैपिटल आयोजन में जबलपुर की अनदेखी

## जबकि प्रदेश में सबसे ज्यादा होल मिल्क उत्पादन जबलपुर में साथ ही सबसे ज्यादा डेयरियां जबलपुर में

**जबलपुर।** राज्य सरकार के मिल्क कैपिटल आयोजन में जबलपुर की अनदेखी की गई है, यह कार्यक्रम ग्वालियर में आयोजित किया गया। जबकि सबसे ज्यादा होल मिल्क जबलपुर में उत्पादित हो रहा है, समूचे मध्यप्रदेश में पिछले 80 वर्षों से यह रिकार्ड बना हुआ है। यह सर्वविदित है कि सबसे ज्यादा डेयरियां जबलपुर में स्थापित हैं, जबलपुर से समूचे भारत में होल मिल्क का निर्यात हो रहा है। मिल्क कैपिटल आयोजन में इन सच्चाइयों को टाला गया है।नागरिक उपभोक्ता मार्गदर्शक मंच ने मुख्य सचिव, मप्र शासन को पत्र भेजकर विरोध दर्शाया है।

### डेयरी साइंस कॉलेज छिना

जबलपुर में प्रस्तावित डेयरी साइंस कॉलेज को उज्जैन में स्थापित किया गया है।

### डेयरी इस्टेट ठप पड़ा

डेयरी इस्टेट का चार वर्ष पूर्व उद्घाटन किए जाने के बावजूद भी वहां पर डेयरियां शिफ्ट नहीं हुईं, वहीं प्रदेश का एकमात्र डेयरी इस्टेट ठप पड़ा है।

इस संबंध में आयोजित मंच की बैठक में डॉ. पीजी नाजपांडे, रजत भार्गव, एड. वेदप्रकाश अधौलिया, डीआर लखेरा, सुशीला कनौजिया सहित अन्य शामिल थे।

# महाराष्ट्र कॉलेज में दो दिवसीय "सर्वम शक्तिमयम" अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित



**जबलपुर।** त्रिपुरी शोध पीठ जबलपुर और महाराष्ट्र इंस्टीट्यूट ऑफ हॉयर एजुकेशन जबलपुर के संयुक्त तत्वावधान में "वर्तमान परिदृश्य में शक्तिपीठों की भूमिका" विषय पर दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित हुआ। सम्मेलन का शुभारंभ महाराष्ट्र कॉलेज के ऑडिटोरियम में आचार्य शंकर संस्कृत एकता भवन की आचार्य स्वामिनी सद्विद्यानंदन सरस्वती एवं डॉ. जितेंद्र जामदार पूर्व उपाध्यक्ष जन अभियान परिषद मध्यप्रदेश शासन के मुख्य आतिथ्य में एवं सचिव महाराष्ट्र शिक्षण मण्डल प्रमोद दिवाकर पाठक की अध्यक्षता में हुआ। विभिन्न विद्वानों डॉ. अखिलेश गुमास्ता, प्रोफेसर रजनीश शुक्ला संपूर्णानंद संस्कृत यूनिवर्सिटी वाराणसी, प्रोफेसर राजेंद्र प्रसाद शर्मा हेड ऑफ फिलॉस्फी डिपार्टमेंट राजस्थान यूनिवर्सिटी ने "भारत में एवं भारत के बाहर बंग्लादेश, श्रीलंका, पाकिस्तान में स्थित विभिन्न शक्तिपीठों का वर्तमान परिदृश्य में समाज, परिवार, अर्थव्यवस्था एवं विभिन्न क्षेत्रों में क्या भूमिका है" पर अपने विचार प्रस्तुत किये। द्वितीय दिवस पर इस विचारमंथन यज्ञ में जलगांव महाराष्ट्र से आये डॉ. विजय श्रीनाथ कांची, बनारस उत्तरप्रदेश से आये प्रो. रजनीश कुमार शुक्ल, प्रो. ब्रम्हानंद त्रिपाठी एवं अन्यान्य विद्वानों ने विभिन्न शास्त्रों में बताई गईं शक्तिपीठों के प्रभाव पर अपने उद्गार व्यक्त किये। अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन के संयोजक प्राचार्य डॉ. दिलीप सिंह हजारी ने सम्मेलन की कल्पना, रूपरेखा पर प्रकाश डाला। आयोजन सचिव डॉ. नितिन कुमार पटेल ने त्रिपुरी शोध पीठ के आयामों पर व्यापक ढंग से प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संचालन डॉ. त्रिपुरी शोध पीठ के संरक्षक निरंद सिंह ठाकुर 'नीर' ने किया एवं तकनीकी सत्रों का संचालन डॉ. राजा तिवारी एवं डॉ. अर्चना साने ने किया। इस अवसर पर देश के विभिन्न राज्यों से आये प्रतिभागियों ने शोधपत्र भी प्रस्तुत किये। अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का ऑनलाईन मोड पर भी प्रसारण किया गया जिनमें त्रिभुवन यूनिवर्सिटी नेपाल से प्रो. गोविंद शरण उपाध्याय एवं श्रीलंका से श्री पराकमा अभयगुणावर्धने एकानायके एवं विभिन्न विषय विशेषज्ञों तथा शोधार्थियों ने अपने शोध पत्र पढ़े। अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में बड़ी संख्या में शोधार्थी, गणमान्य नागरिक, महाविद्यालयों के आचार्य एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# इरा नंदनी कायस्थ वूमेन क्लब की श्रद्धा युक्त पहल



**जबलपुर** "सर्वजन हिताय सर्वजन सुखाय" की विशेष भावना को रखते हुए इरा नंदिनी कायस्थ वूमेंस क्लब ने पाठ बाबा स्थित हनुमान जी के श्री चरणों में सुंदरकांड का संगीतमय आयोजन किया और विनम्र रूप से प्रार्थना की कि बरगी क्रूज दुर्घटना हमारे जबलपुर में जो बाहर से आए और यहां के जो लोग थे उन पर आई हुई विपदा और उनके परिवारों को ईश्वरी भक्ति का संबल मिले, उन्हें सुख और मानसिक शांति तथा ढांढस दिलाने के लिए प्रभु के चरणों में सुंदरकांड का आयोजन किया। रामायण, गीता और भागवत पुराण आदि के महत्व पर शिवहरि श्रीवास्तव, राजीव लाल श्रीवास्तव एवं समाजसेवी धीरेश खरे ने भी पर प्रकाश डाला तथा उन्होंने भारतीय संस्कारों की बात करते हुए इसे गंभीरता से सभी परिवारों में अपनाने हेतु अपील की, तत्पश्चात समाज में प्रतिभावान छात्रों का भी सम्मान किया गया। इस आयोजन में ईरानंदनी वूमेंस क्लब की अध्यक्ष शीतल श्रीवास्तव, उपाध्यक्ष अंशुल वर्मा, प्रीति विनय सक्सेना, शशि श्रीवास्तव, रुचि श्रीवास्तव, मनीषा श्रीवास्तव, निधि श्रीवास्तव, राजश्री खरे, निधि खरे सहित क्लब की सभी मेंबर्स ने अपना योगदान प्रदान किया।

**नाम परिवर्तन की सूचना**

SHRADDHA JAIN AGE 40 YEARS W/O VARUN JAIN यह सूचित करती हूं कि मेरे पासपोर्ट नंबर Y2332154 में मेरा नाम SHARADDHA JAIN लिखा हुआ है जिसे परिवर्तित कर मैंने अपना नाम SHRADDHA JAIN कर लिया है, जो कि मेरे आधार कार्ड, पेन कार्ड, एवं बैंक पासबुक, अंकसूचियों आदि में भी लिखा हुआ है। अतः मेरे नाम को SHRADDHA JAIN ही पढ़ा -लिखा एवं समझा जावें।
वर्तमान नाम - SHRADDHA JAIN
पूर्व नाम - SHARADDHA JAIN
पता-124, Andherdev, Tilak Ward, Jabalpur (M.P.)

**नाम परिवर्तन सूचना**

I, PRAVEENA V.Sis legally Mother of of ARMY NO-15501574N, Rank - HAV. Name-SWOBHU A presently residing at VIII- MANGAD, POST-MANGAD Teh- KOLLAM Distt - KOLLAM, State- KERALA PIN 691015 शपथपूर्वक नि. लि. कथन करती हूं कि मेरे बेटे के सर्विस रिकार्ड में मेरा नाम SINDHU दर्ज है। जो कि गलत है। यह कि मेरे आधार कार्ड एवं अन्य दस्तावेजो में मेरा नाम PRAVEENAV.S दर्ज हैं। जो कि सही है मेरे नाम को पढा व सुना एंव मेरे बेटे के सर्विस रिकार्ड में दर्ज किया जाए। द्वारा शपथ पत्र नं KL001967099202627E दिनांक 17-04-26 Judicial Magistrate of the 1st class Kollam, Kerala
गलत नाम - SINDHU
सही नाम - PRAVEENA V.S

**नाम परिवर्तन सूचना**

I, SWOBHU A of ARMY NO-15501574N, Rank- HAV, presently residing at VIII-MANGAD POST-MANGAD, Teh - KOLLAM, Distt - KOLLAM, State- KERALA, PIN- 691015. शपथपूर्वक नि.लि. कथन करता हूँ कि मेरे सर्विस रिकार्ड में मेरी बेटी का नाम ASWATHY P.STHIRUVATHIRA दर्ज है। जो कि गलत है। यह कि मेरी बेटी के आधार कार्ड एवं अन्य दस्तावेजो में मेरी बेटी का नाम ASWATHY P.S दर्ज हैं। जो कि सही है मेरी बेटी के नाम को पढा व सुना एंव मेरे सर्विस रिकार्ड में दर्ज किया जाए। द्वारा शपथ पत्र दिनांक 04-05-26 नोटरी जबलपुर म.प्र.
गलत नाम -
ASWATHY P.S THIRUVATHIRA
सही नाम - ASWATHY P.S
38AA580940